बरेली । शुक्रवार । 30 नवंबर 2012

अमर उजाला

इंस्पायर इंटर्नशिप में बताए विषयों के सरल तरीके

बरेली। श्री राममूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नालाजी में 'इंस्पायर इंटर्नशिप' के तीसरे दिन वक्ताओं ने अपने-अपने विषय को सरल तरीके से समझाया। डॉ. ऋतु सिंह ने रसायन के अनेक विषय जैसे कार्बनिकी, अकार्बनिकी, भौतिक, विश्लेषण, औद्योगिक, जैव रसायन और सूक्ष्मदर्शी पर प्रकाश डाला। डॉ. एम मुस्तकीम अब्दुल्ला और डॉ. अंजू खंडेलवाल ने भी अपने विषयों के बारे में बताया। इस दौरान डॉ. प्रभाकर गुप्ता, रतीश अग्रवाल, सचिन आदि मौजूद रहे।